रंग रंगीला फागुन | By Khushboo Mohta |

रंग रंगीला फागुन का ये
ऐसा रंग चढ़ा है
लेकर के निशान हाथ में
संग परिवार चला है
बोलते श्याम श्याम श्याम
जय श्री श्याम श्याम श्याम

केसरिया ही रंगी है धरती
देखो जिधर नज़ारे
गांव गांव और नगर नगर से
नंगे पांव पधारे
जय श्री श्याम के नारों से ये
सारा जहाँ गूंजा है
लेकर के निशान हाथ में
संग परिवार चला है
बोलते श्याम श्याम श्याम
जय श्री श्याम श्याम श्याम

रंग रंगीली ध्वजा हाथ में
जिधर भी नज़र पसारे
एक दूजे के संग में नाचे
होकर श्याम दीवाने
कोई बजाए ढोल नगाड़े
कोई चंग बजाता
लेकर के निशान हाथ में
संग परिवार चला है
बोलते श्याम श्याम श्याम
जय श्री श्याम श्याम श्याम

रिगस से खाटू तक दिखते
भक्तों के ही रेले
साँवरिया है संग में इनके
कोई नहीं अकेले
जिसकी होती जैसी मुरादें
पल भर में पा जाता
लेकर के निशान हाथ में
संग परिवार चला है
बोलते श्याम श्याम श्याम
जय श्री श्याम श्याम श्याम

खुशबू तेरे दर पर आकर
गाए श्याम तराने
सत्य के घर आ जाओ ना
कर के कोई बहाने
तेरी दया पे इतरावे है
मोटा कुटुंब सारा
लेकर के निशान हाथ में

संग परिवार चला है
बोलते श्याम श्याम श्याम
जय श्री श्याम श्याम श्याम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%80%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%ab%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a5%81%e0%a4%a8-by-khushboo-mohta/